एक नजर में

## अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस, प्रश्न मंच प्रतियोगिता और मातृभाषा हस्ताक्षर अभियान बने आकर्षण

**झाबुआ।** वयं गुरुकुलम में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों में अपनी मातृभाषा के प्रति जागरूकता एवं सम्मान की भावना विकसित करने हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रश्न मंच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों से अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व, उद्देश्य एवं इतिहास से संबंधित अनेक रोचक प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर देकर अपनी समझ और ज्ञान का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के दौरान मातृभाषा में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों एवं शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की।सभी ने अपनी मातृभाषा में हस्ताक्षर कर उसे सम्मान देने का संकल्प लिया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा से जोड़ना, उसकी महत्ता को समझाना तथा भाषाई विविधता के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम ने सभी सहभागियों में सकारात्मक ऊर्जा एवं गौरव की अनुभूति करवाई।




## ट्रैफिक पुलिस ने राजवाड़ा पानी की टंकी से लेकर मरी माता मंदिर तक चलाया विशेष अभियान



**झाबुआ।** शहर के राजवाड़ा पानी की टंकी से लेकर छोटे तालाब की पाल एवं आगे मरी माता मंदिर चौराहा तक अस्थायी रूप से खड़े रहने वाले छोटे एवं बड़े वाहनों के कारण आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रहीं थी। जिसकी शिकायत लगातार जागरूक नागरिकों द्वारा स्थानीय प्रशासन एवं ट्रैफिक पुलिस को करने पर यातायात पुलिस की टीम ने यहां 21 फरवरी, शनिवार सुबह विशेष अभियान चलाया। जानकारी देते हुए ट्रैफिक प्रभारी कमल मिंदल ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन अनुसार यातायात पुलिस के अमले में एएसआई लोकेंद्र खेड़े, रामलाल सिंगार, आरक्षक सत्येंद्र, नटवर एवं संजय आदि ने शनिवार सुबह राजवाड़ा पानी की टंकी से लेकर मरी माता मंदिर चौराहे तक पूरे मार्ग का भ्रमण किया। बाद इस मार्ग पर जो भी दो-तीन एवं चार पहिया वाहन, भारी वाहनों में लोडिंग रिक्शा, ट्रक आदि खड़े होने से उनके चालकों को बुलवाकर वाहन हटवाए गए। मुख्य रूप से छोटा तालाब के पाल पर एवं दोनों ओर अव्यवस्थित खड़े रहने वाले सभी वाहनों को हटवा कर सख्ती से चालकों को समझाइश दी गई कि दोबारा यहां वाहन ना लगाएं, अन्यथा चालानी कार्रवाई करने के साथ वाहन जप्ती की कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस का यह अभियान करीब एक से डेढ़ घंटे तक चला।

## यश राठौर ने झाबुआ के मुख्य बाजार में दंडवत यात्रा की, झाबुआ यूथ के कार्यकर्ता रहे साथ



**झाबुआ।** जिले के थांदला निवासी यश पिता सुरेशचंद्र राठौर उम्र 25 वर्ष थांदला से करीब 35 किमी की दंडवत यात्रा करते हुए 20 फरवरी, शुक्रवार दोपहर 3 बजे झाबुआ पहुंचे। यश राठौर की मुख्य रूप से 7 सूत्रीय मांगे है। जिसको लेकर युवक ने 21 फरवरी, शनिवार देर शाम 6 बजे से दिलीप गेट स्थित महावीर बाग से लेकर विजय स्तंभ तिराहा और विजय तिराहा से बस स्टैंड चौराहा एवं मुख्य बाजार में दंडवत यात्रा की और जनहित में अपनी मांगों को बुलंद किया। इस दौरान यश राठौर के साथ झाबुआ युथ के विनय वर्मा एवं अन्य युवा कार्यकर्ता, परिवारजान और मित्र भी साथ रहे। यश राठौर ने करीब 1 किमी की दंडवत यात्रा इस दौरान तय की। यात्रा में सभी ने उत्साहपूर्वक भगवान श्रीराम एवं गौ-माता के सामूहिक जयघोष लगाएं। युवा यश राठौर ने बताया कि 22 फरवरी, रविवार को वह जेल बगीचा स्थित हनुमान मंदिर पहुंचेंगे। यहां पर सभा का आयोजन होगा। इसके पश्चात् कलेक्ट्रोरेट कार्यालय पहुंचकर मप्र के महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन प्रेषित करने के साथ उनकी यात्रा पूर्ण होगी।

## 1 मार्च को प्रजा का हाल जानने निकलेंगे श्री रामभक्त हनुमान

**इंदौर.** अपने मनमोहक श्रृंगार से देश भर में विख्यात सुभाष चौक स्थित सिद्ध श्री रामभक्त हनुमान मंदिर की भव्य प्रभातफेरी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व 1 अप्रैल 2026 को हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ निकाली जाएगी. मंदिर के मुख्य पुजारी जीतू गुरु ने बताया कि यात्रा की तैयारियों का शुभारंभ महाशिवरात्रि महापर्व से ही कर दिया है. भक्त मंडल पूर्ण उत्साह एवं समर्पण के साथ इसे भव्य एवं दिव्य स्वरूप प्रदान करने में निरंतर सक्रिय है. प्रभातफेरी श्रीरामभक्त हनुमान मंदिर, सुभाष चौक से प्रारंभ होकर वनखंडी मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर (राजवाड़ा), बांके बिहारी मंदिर, गोपाल मंदिर, पिपली बाजार, बर्तन बाजार, बजाज खाना, सांठा बाजार, शीतला माता बाजार, जानकीनाथ मंदिर (गोराकुंड), खजूरी बाजार, यशोदा माता मंदिर होते हुए पुन: श्रीरामभक्त हनुमान मंदिर पहुंचेगी. उन्होंने बताया कि वृंदावन की टीम रथ की साज सज्जा करेगी, प्रभातफेरी में भजन मंडली एवं कीर्तन मंडली, सुसज्जित बग्घी, बैंड-बाजे तथा ढोल-ताशा के साथ बड़ी संख्या में श्री हनुमान भक्त शामिल होंगे.

# जिले में शांति, सौहार्द और हर्षोल्लास से मनाए जाएंगे सभी पर्व

▸ शांति समिति की बैठक संपन्न



**आलीराजपुर ।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट कार्यालय में आगामी भगोरिया,होली, रंगपंचमी, गुड़ी पड़वा, शीतला सप्तमी, ईद, श्रीराम नवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, गुड फ्रायडे, डॉ अम्बेडकर जयंती आदि त्योहारों को हर्षोल्लास एवं शान्ति पूर्वक मनाने के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती संघमित्रा गौतम, उप पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल,संयुक्त कलेक्टर श्री वीरेंद्र बघेल,श्री मनोज गरवाल, एसडीएम श्री तपिश पांडे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री दीपिका पाटीदार, नगर पालिका सीएमओ सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में आगामी सभी पर्वों पर आलीराजपुर नगर तथा जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक समारोहों के दौरान व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई ।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने समिति के सदस्यों से विस्तार से चर्चा की तथा सभी पर्वों पर आयोजनों के दौरान सफाई, विद्युत, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने भगोरिया पर्व में हाट बाजार में निगरानी रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए और कहा कि भगोरिया पर्व में पर्यटकों का भी आगमन होता है तो उनकी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करे साथ ही कहा कि जिले की पहचान ही भगोरिया पर्व से है इसलिए आपसी सहयोग, सौहार्द और शांति से पर्व मनाए। त्योहारों में लगने वाले मेलों की अनुमति पूर्व सक्षम प्राधिकारी से लेने एवं मेले में लगने वाले झूलो की क्षमता की भी जांच करने के निर्देश दिए। होली पर्व पर प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने का अनुरोध सभी से की है।

> पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया ने कहा कि आगामी त्यौहारों में सभी धर्म और समाज आपसी सामंजस्य बना कर चलें। परस्पर सम्मान की भावना के साथ केवल परंपरागत गतिविधियां ही की जाएं। भगोरिया हाट में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित हो। फायर सेफ्टी की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ।सोशल मीडिया पर अनुशासन बनाए रखना भी जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि त्यौहारों और जलसों के दौरान महिलाओं से अभद्रता करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। श्री सिंह ने सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाए जाने की अपील की।

## चेतना हाईस्कूल गडवाड़ा में पीजी कॉलेज के आवासीय ग्रामीण शिविर का समापन



**झाबुआ।** पीएमश्री शहीद चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का 7 दिवसीय विशेष आवासीय ग्रामीण शिविर का भव्य समापन चेतना हाईस्कूल गडवाड़ा में हुआ। यह शिविर 14 से 20 फरवरी तक आयोजित किया गया। शिविर का उत्साह, उमंग और उपलब्धियों के साथ सफलतापूर्वक समापन प्राचार्य डॉ. जेसी सिन्हा के संरक्षण एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. संजू गांधी के मार्गदर्शन में हुआ ।शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की संयुक्त इकाई के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने ग्राम विकास और सामाजिक जागरूकता के विविध आयामों पर उल्लेखनीय कार्य किया ।शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, साक्षरता जागरूकता, नशा मुक्ति अभियान, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा ग्रामीण सर्वेक्षण जैसे रचनात्मक कार्यक्रमों का संचालन किया। ग्रामीणों ने भी हर संभव सहायता की, जिससे शिविर का उद्देश्य सार्थक सिद्ध हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रविंद्र सिंह सेवानिवृत्त प्राध्यापक, विशेष अतिथि चेतना हाईस्कूल गडवाड़ा के संचालक बेनेडिक्ट डामोर, अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जेसी सिंहा ने की। डॉ. सिन्हा ने सभी स्वयंसेवकों के समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना की सराहना की। तथा व्यक्तित्व विकास की भावना पर मार्गदर्शन प्रदान किया। डॉ. रविंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण विकास के साथ युवाओं में नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र सेवा की भावना को सुदृढ़ करते हैं।

> कार्यक्रम अधिकारी प्रो . मुकामसिंह चौहान ने 7 दिनों की गतिविधियों की विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर ने ग्राम गडवाड़ा में स्वच्छता एवं जागरूकता के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन की आधारशीला रखी। स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक संध्या के माध्यम से देशभक्ति गीत, नुक्कड़ नाटक और लोक नृत्य प्रस्तुत कर सामाजिक संदेश भी दिया। *स्वयंसेवकों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए -* समापन अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में हम होंगे कामयाब प्रार्थना एवं राष्ट्रगान के साथ शिविर का विधिवत समापन हुआ। यह शिविर ग्राम गडवाड़ा के लिए प्रेरणादायी एवं विस्मरणीय सिद्ध हुआ, जिसने सेवा, समर्पण और सामाजिक सहयोग की मिसाल कायम की।




## थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक

**झाबुआ. शनिवार को पुलिस अधीक्षक शिव दयाल सिंह द्वारा आगामी त्योहारों — भगोरिया हाट, होली, धुलेंडी, गल-चुल एवं रमजान — के संबंध में तैयारियों की समीक्षा हेतु कंट्रोल रूम, झाबुआ में समस्त एसडीओपी, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई।**

आगामी त्योहारों के दौरान शांति, कानून-व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से जिला झाबुआ पुलिस द्वारा सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकों के आयोजन के निर्देश दिए गए।

बैठक में यातायात व्यवस्था, भगोरिया हाट स्थलों की व्यवस्थाएं, गेर आयोजन, भीड़ नियंत्रण, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने एवं विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए।

निर्देशित किया गया कि यदि कोई असामाजिक तत्व हुड़दंग करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

भगोरिया स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखने के भी निर्देश दिए गए, ताकि छेड़छाड़, चोरी आदि घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

## कु . अंकिता डाकिया का शतरंज प्रतियोगिता में चयन

**झाबुआ।** शासकीय कन्या महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी डॉ. विद्या चौहान चौहान ने बताया कि कॉलेज की छात्रा कु. अंकिता डाकिया बीएससी फाइनल ईयर की छात्रा ने संभागीय स्तर प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी जगह देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की शतरंज (महिला) दल में बनाई है और चयन हुआ है। यह दल पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन शतरंज (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन महात्मा ज्योतिबाफुले विश्वविद्यालय द्वारा 22 से 27 फरवरी तक किया जा रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अंजना सोलंकी एवं जन भागीदारी समिति अध्यक्ष श्री त्रिवेदी ने छात्रा का स्वागत किया और महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी डॉ. विद्या चौहान एवं महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य हेतु कामना की है।



## विकास यादव को मिली कांग्रेस आईटी सेल की बड़ी जवाबदारी

**महू.** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार इंदौर जिले की महू विधानसभा में कांग्रेस आईटी सेल अध्यक्ष के पद पर विकास यादव को जवाबदारी दी गई है. विकास यादव ने हाल ही में अपने साथियों सहित एक अन्य राजनीतिक दल को छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा था. कुछ ही समय में उनकी कार्यशैली एवं मजबूत टीम के चलते उन्हें यह बड़ी जवाबदारी दी गई है. उनकी नियुक्ति पर महू विधानसभा प्रभारी दीपक सिंह दंडीर, कन्हैया लाल ठाकुर, रुक्मणी निनामा, शक्ति सिंह गोयल, जीतू ठाकुर, विजेंद्र सिंह चौहान, कैलाश दत्त पांडे, मुजीब कुरैशी, कपिल सोलंकी, अजय वर्मा, डॉ. अजय सिंह धनावत, पप्पू खान, आनंद गोगलिया, अमित अग्रवाल, अजहर नूर, शिखा अमित अग्रवाल, शमा खान, गोविंद शर्मा, अरशद खान, अतुल जैन, कालू मामा, हरिराम जलवानिया, अल-अमन खान, ओम पटेल, मुदस्सर खान एवं अन्य साथियों सहित हाल ही में वार्ड अध्यक्ष बने विकास कौशल, आमिर खान, जगमोहन सोन, दीपक अग्रवाल, शुभम जैन आदि कांग्रेसजनो ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं.

## बालाजी सरकार ने 51 साल बाद किया चोला विसर्जन

**महू.** महू के नांदेड़ में संकट मोचन सरकार बालाजी मंदिर में शुक्रवार की सुबह 51 साल बाद बालाजी ने चोला विसर्जन किया. चोला विसर्जन का पता चलते ही बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंच गए. सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं. श्रद्धालुओं ने जयकारे के साथ हनुमान जी के दर्शन किए और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए बालाजी का आशीर्वाद लिया.

मंदिर के पुजारी विष्णु प्रसाद शर्मा ने बताया कि जब वह सुबह मंदिर आए, तो देखा कि बाबा ने अपना चोला विसर्जन कर दिया था. यह मंदिर सालों पुराना है.

## चयनित पर्यवेक्षकों को दी राहत, भूरिया ने जॉइनिंग तिथि बढ़ाने के दिए निर्देश

**झाबुआ।** महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा-2024 में चयनित अभ्यर्थियों को ज्वाइनिंग प्रक्रिया में आ रहीं व्यवहारिक कठिनाइयों के समाधान के लिए राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने ज्वाइनिंग की अंतिम तिथि बढ़ाने एवं स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में व्यावहारिक लचीलापन देने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए है।

उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा चयनित पर्यवेक्षकों को 23 फरवरी-2026 तक ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए थे। आदेशानुसार ज्वाइनिंग से पूर्व मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया था, किंतु विभिन्न जिलों से अभ्यर्थियों द्वारा अवगत कराया गया कि मेडिकल बोर्ड सप्ताह में केवल एक दिन संचालित होता है, जिससे निर्धारित समय-सीमा में प्रमाण-पत्र प्राप्त करना कठिन हो रहा है। इस कारण अनेक चयनित अभ्यर्थियों को ज्वाइनिंग में व्यावहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। *ज्वाइनिंग की अंतिम तिथि 28 फरवरी तक बढ़ाई गई -* कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया ने अभ्यर्थियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए है कि चयनित पर्यवेक्षकों की ज्वाइनिंग की अंतिम तिथि 28 फरवरी-2026 तक बढ़ाई जाए। साथ ही यदि कोई चयनित अभ्यर्थी ज्वाइनिंग से पूर्व मेडिकल बोर्ड का स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ है, तो मप्र शासन के मूलभूत नियम 10(ए) के प्रावधानों के अनुरूप ज्वाइनिंग के एक माह के भीतर स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान की जाए।



> **अभ्यर्थियों की सुविधा के दृष्टिगत दिए निर्देश**
>
> मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य चयनित अभ्यर्थियों को अनावश्यक प्रशासनिक बाधाओं से मुक्त कर पारदर्शी एवं संवेदनशील व्यवस्था सुनिश्चित करना है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी जिलों में इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश तत्काल जारी किए जाएं, जिससे किसी भी पात्र अभ्यर्थी को तकनीकी कारणों से वंचित न होना पड़े।

एक नजर में ▸ कलेक्टर माथुर ने सभी अधिकारियों को तैयारियों हेतु दायित्व सौंपे

# सीएम के 27 फरवरी को भगोरिया पर्व पर प्रस्तावित दौरे की तैयारियां को लेकर बैठक



**आलीराजपुर ।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 27 फरवरी को चंद्र शेखर आजाद नगर(भाबरा) एवं उदयगढ़ भगोरिया पर्व पर प्रस्तावित दौरे कार्यक्रम को लेकर आज कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु दायित्व सौंपे गए। सम्पूर्ण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम को बनाया गया है साथ ही सहायक नोडल अधिकारी के रूप में एस डी एम श्री वीरेंद्र बघेल एवं सुश्री निधि मिश्रा को बनाया गया है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को 27 फरवरी को कार्यक्रम स्थल पर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने संबंधित निर्देश दिए है। नगर पालिका अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई के, यातायात पुलिस के अधिकारियों को वाहन पार्किंग के संबंध में निर्देश दिए। साथ ही कार्यक्रम स्थल एवं हेलिपैड पर सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेटिंग के लिए कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया है। मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर अस्थाई चिकित्सा केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए। उदयगढ़ में भगोरिया पर्व में मुख्यमंत्री के संभावित भ्रमण को लेकर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश जनपद पंचायत सीईओ को दिए गए। भगोरिया पर्व में महिला बाल विकास अधिकारियों द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता शिविर लगाने, स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु शिविर लगाने, जनपद सीईओ को ई केवाईसी शिविर लगाने के निर्देश दिए गए।

### कंट्रोली रूम स्थापित करने हेतु निर्देश दिए

कलेक्टर माथुर ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों के आगमन की संभावना को ध्यान में रखते हुए कंट्रोल रूम स्थापित करने, व्यवस्थित तरीके से बैठक व्यवस्था के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सभी सौंपे गए दायित्वों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संघमित्रा गौतम, संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल,अनुविभागीय अधिकारी तपिश पांडे, वीरेंद्र बघेल, सुश्री निधि मिश्रा,सभी तहसीलदार समस्त जनपद पंचायत सीईओ सहित सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।